दैनिक

# क्यूँ न लिखूँ सच

प्रातः कालीन

मुरादाबाद से प्रकाशित

बर्षः- 03
अंकः-263
मुरादाबाद
12 January 2024
(Friday)
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## संक्षिप्त समाचार



### आडवाणी-मुरली मनोहर जोशी राम मंदिर उद्घाटन कार्यक्रम में लेंगे हिस्सा, हो रही विशेष तैयारी

22 जनवरी को होने वाले इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए इन दोनों दिग्गज नेताओं को पहले ही आमंत्रण पत्र भेज दिया गया था, लेकिन बुधवार को विश्व हिंदू परिषद के शीर्ष नेताओं ने उनसे मुलाकात कर एक बार फिर से उनसे कार्यक्रम में शामिल होने का अनुरोध किया..भाजपा के दिग्गज नेता लालकृष्ण आडवाणी और डॉ. मुरली मनोहर जोशी अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। 22 जनवरी को होने वाले इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए इन दोनों दिग्गज नेताओं को पहले ही आमंत्रण पत्र भेज दिया गया था, लेकिन बुधवार को विश्व हिंदू परिषद के शीर्ष नेताओं ने उनसे मुलाकात कर एक बार फिर से उनसे कार्यक्रम में शामिल होने का अनुरोध किया, जिसके बाद दोनों नेताओं ने कार्यक्रम में शामिल होने पर अपनी सहमति दे दी।दरअसल, इसके पहले कुछ नेताओं के बयानों से यह गलतफहमी पैदा हो गई थी कि राम मंदिर आंदोलन में सबसे बड़ी भूमिका निभाने वाले इन दोनों शीर्ष नेताओं के कार्यक्रम में आने की संभावना नहीं है। इसके पीछे उनके स्वास्थ्य का हवाला दिया गया था। लेकिन बाद में विहिप ने दोनों नेताओं को निमंत्रण पत्र देते हुए फोटो जारी कर यह साफ कर दिया था कि दोनों ही नेताओं को उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। विहिप सूत्रों ने अमर उजालो को बताया कि दोनों नेताओं के परिवार जनों ने उनके खराब स्वास्थ्य को देखते हुए और उद्घाटन कार्यक्रम में बड़ी भीड़ और सुरक्षा को देखते हुए कार्यक्रम में शामिल न होने के लिए अनुरोध किया था। लेकिन विहिप के शीर्ष नेताओं ने आडवाणी और जोशी दोनों नेताओं के परिवार जनों को यह भरोसा दिलाया कि उनके लिए विशेष व्यवस्था कर उनके स्वास्थ्य और सुरक्षा की पूरी चिंता की जाएगी। इसके बाद दोनों नेताओं के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होने की सहमति मिल गई।

## अयोध्या-अहमदाबाद के बीच शुरू हुई इंडिगो की हवाई सेवा, मुख्यमंत्री योगी ने दिखाई हरी झंडी




अहमदाबाद से अयोध्या के बीच अब सीधी हवाई सेवा का शुभारंभ हो गया है। गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सुविधा का शुभारंभ करते हुए प्रदेश में हवाई क्षेत्र में बढ़ी सुविधाओं का जिक्र किया।धर्मनगरी अयोध्या में प्रभु श्रीराम के दर्शन-पूजन की चाह रखने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को अहमदाबाद-अयोध्या के बीच सीधी हवाई सेवा का विकल्प मिल गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को आयोजित एक कार्यक्रम में अहमदाबाद-अयोध्या के लिए इंडिगो एयरलाइंस की सीधी हवाई सेवा का गुरुवार को शुभारंभ किया। अयोध्या-अहमदाबाद के बीच नई हवाई सेवा के शुभारंभ पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस उड़ान सेवा से भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या, हवाई सेवा द्वारा, सीधे अहमदाबाद से जुड़ गयी है। अयोध्या से दिल्ली के बाद अहमदाबाद दूसरा कनेक्टेड स्थल है। आगामी 15 जनवरी से मुम्बई के लिए उड़ान सेवा आरम्भ हो जाने के पश्चात मुम्बई तीसरा कनेक्टेड स्थल हो जाएगा। इसके अतिरिक्त, दिनांक 16 जनवरी, 2024 से दिल्ली के लिए एक और उड़ान आरम्भ हो रही है। मुख्यमंत्री ने बेहतर हवाई सेवाओं को पर्यटन और व्यापार की गतिविधियों को इससे बड़ा प्रोत्साहित करने वाला बताया। प्रदेश में बेहतर होती हवाई सेवाओं की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2016-17 में प्रदेश में हवाई यात्रियों की संख्या 59.97 लाख थी, जो वित्तीय वर्ष 2022-23 में बढ़कर 96.02 लाख हो गयी। विगत 03 वर्षों में प्रदेश में हवाई यात्रियों की संख्या में 29.46 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2016-17 में लखनऊ एयरपोर्ट पर यात्रियों की संख्या 39. 68 लाख, वाराणसी में 19.16 लाख, गोरखपुर में 54 हजार तथा प्रयागराज में 45 हजार थी। जबकि वर्ष 2022-23 में लखनऊ एयरपोर्ट पर यात्रियों की संख्या बढ़कर 52.20 लाख, वाराणसी में 25.21 लाख, गोरखपुर में 7.18 लाख तथा प्रयागराज में 5.71 लाख हो गयी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परिकल्पना है कि एक सामान्य नागरिक भी हवाई जहाज में यात्रा करे, हवाई चप्पल पहनने वाला व्यक्ति भी हवाई सेवा का लाभ उठाये। राज्य सरकार इस परिकल्पना को साकार करने के लिए प्रतिबद्धतापूर्वक कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या में 05 वर्ष पहले तक एक छोटी सी एयरस्ट्रिप थी लेकिन आज वहां महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट संचालित हो रहा है। आज हर व्यक्ति अयोध्या आने का इच्छुक है। इसलिए प्रधानमंत्री मोदी के विजन के अनुरूप सरकार ने सड़क, रेल और वायु मार्ग की बेहतर कनेक्टिविटी दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के लिए 821 एकड़ की भूमि राज्य सरकार ने उपलब्ध कराई और केंद्रीय नागर विमानन मंत्रालय ने समयबद्धता के साथ विश्वस्तरीय एयरपोर्ट तैयार कराया। उत्तर प्रदेश में इंडियो एयरलाइन्स की उपस्थिति का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इंडिगो द्वारा उत्तर प्रदेश के 08 नगरों लखनऊ, गोरखपुर, वाराणसी, कानपुर, आगरा, प्रयागराज, बरेली तथा अयोध्या से उड़ान सुविधा दी जा रही है। इसमें लगातार बढोतरी भी हो रही है। उन्होंने कहा कि लखनऊ एयरपोर्ट से उड़ान वर्ष 2009 में प्रारम्भ हुई। वर्तमान में 13 कनेक्टेड राष्ट्रीय गंतव्य स्थलों के लिए 84 उड़ानें प्रतिदिन उपलब्ध हैं। इसी तरह, वाराणसी एयरपोर्ट से 06 कनेक्टेड राष्ट्रीय गंतव्य स्थलों के लिए 34 उड़ानें, गोरखपुर एयरपोर्ट से 04 कनेक्टेड राष्ट्रीय गंतव्य स्थलों के लिए 06 उड़ानें, प्रयागराज एयरपोर्ट से 10 कनेक्टेड राष्ट्रीय गंतव्य स्थलों के लिए 11 उड़ानें, आगरा एयरपोर्ट 06 कनेक्टेड राष्ट्रीय गंतव्य स्थलों के लिए 06 उड़ानें, कानपुर एयरपोर्ट से 03 कनेक्टेड राष्ट्रीय गंतव्य स्थलों के लिए 03 उड़ानें, बरेली एयरपोर्ट से 03 कनेक्टेड राष्ट्रीय गंतव्य स्थलों के लिए 03 उड़ानें प्रतिदिन उपलब्ध हैं। इंडिगो एयरलाइंस के स्पेशल डायरेक्टर आरके सिंह ने देश के सिविल एविएशन सेक्टर में इंडिगो एयरलाइंस की मजबूत उपस्थिति की जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में इंडिगो हर दिन उत्तर प्रदेश के 07 हवाईअड्डों से 165 उड़ानें भर रहा है।

आने वाले दिनों में इसमें और बढ़ोतरी सुनिश्चित है। अयोध्या-अहमदाबाद के बीच शुरू हुई नई फ्लाइट के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि दोनों ओर से फ्लाइट सप्ताह में तीन दिन में उपलब्ध होगी। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और फ्लाइट संख्या 6ई112 की अयोध्या से पहली उड़ान के पहले यात्री को बोर्डिंग पास भी प्रदान किया गया। वर्चुअल माध्यम से हुए इस कार्यक्रम में सांसद लल्लू सिंह और सांसद किरीट प्रेमजीभाई सोलंकी और इंडिगो के प्रतिनिधिगणों की भी उपस्थिति रही।

## लोकसभा चुनाव 2024: अखिलेश यादव ने दिए निर्देश, मतदाता सूची पर नजर रखें कार्यकर्ता, गठबंधन को लेकर भी दिया बयान



सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पार्टी पदाधिकारियों से लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर चर्चा की। उन्होंने मीडिया को संबोधित करते हुए गठबंधन में सीट शेयरिंग को लेकर भी बात की।सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि हमारा कोई भी मतदाता छूट न जाए इसलिए 22 जनवरी को जारी होने वाली मतदाता सूची पर नजर रखी जाएगी। जनता महंगाई, बेरोजगारी और भाजपा नेताओं के जमीन कब्जाने से परेशान है और बदलाव चाहती है। अखिलेश यादव बृहस्पतिवार को लखनऊ में विधानसभा अध्यक्षों के साथ चर्चा के बाद मीडिया को संबोधित कर रहे थे। गठबंधन में कांग्रेस से सीट शेयरिंग को लेकर उन्होंने कहा कि बहुत अच्छे माहौल में चर्चा हुई है। जल्द ही इसकी जानकारी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अपराध लगातार बढ़ रहा है सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति सिर्फ एक नारा बनकर रह गई है। हर घर में बेरोजगार युवक बैठा है। जनता भाजपा को हटाने के लिए तैयार है। 2022 में किसानों की आय दोगुनी करने का वादा किया गया था। बिजली महंगी हो गई है। किसानों को तार लगाकर अपनी फसलें बचाना पड़ रहा है। लोगों को इलाज नहीं मिल रहा है। सपा ने जिन मेडिकल कॉलेजों को बनाए थे वो भी नहीं चलाए जा रहे हैं। लोगों के जमीनें छीन रहे हैं भाजपा नेता, कार्यकर्ता और अधिकारी- अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा नेता, कार्यकर्ता और अधिकारी मिलकर लोगों की जमीनों को हड़पने का काम कर रहे हैं। लोगों ने इतनी लूट कभी नहीं देखी होगी जितनी भाजपा सरकार में हो रही है। लोगों को डरा-धमका कर जमीनें छीन रहे हैं। नाकामी छिपाने के लिए एनकाउंटर कर रही सरकार- सपा अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश में अपराध बढ़े हैं। महिलाएं असुरक्षित हैं। सरकार अपनी नाकामी छिपाने के लिए एनकाउंटर कर रही है।

## राम मंदिर: कांग्रेस के निमंत्रण अस्वीकार करने पर बोले भाजपा विधायक, भगवान राम के नाम से भागते हैं राक्षस



सिविल लाइंस विधायक डॉ. गोपाल शर्मा ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा राम के अस्तित्व से इंनकार किया है। उनकी नैतिकता ही नहीं बनती कि वो समारोह में शामिल हों। सोनिया गांधी सहित कांग्रेस के बड़े नेताओं का राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शिरकत नहीं करने से भाजपा के बड़े नेताओं ने आपत्ति जताई है। सिविल लाइंस विधायक डॉ. गोपाल शर्मा ने कहा कि भगवान राम के नाम से राक्षस भागते हैं।उन्होंने कहा कि हनुमान चालीसा में लिखा है, भूत-पिशाच निकट नहीं आवें, महावीर जब नाम सुनावे उन्होंने कांग्रेस नेताओं की तुलना राक्षसों से करते हुए कहा कि ये स्वभाविक है कि कांग्रेस ने हमेशा राम के अस्तित्व से इंनकार किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के मुख्यमंत्री रहे सिद्धार्थ राय ने बाबरी मस्जिद कमेटी की तरफ केस भी लड़ा, इसलिए उनकी नैतिकता ही नहीं बनती कि वो समारोह में शामिल हों। बता दें कांग्रेस ने बुधवार को ही 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन का निमंत्रण अस्वीकर कर दिया था। पार्टी महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने कहा कि था कि ये उद्घाटन स्पष्ट रूप से आरएसएस/भाजपा का प्रोग्राम है। यही वजह है कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी और लोकसभा में पार्टी के विपक्ष के नेता अधीर रंजन चौधरी ने निमंत्रण को अस्वीकर कर दिया है।

## प्राण प्रतिष्ठा: 10 हजार सीसीटीवी कैमरे अयोध्या के चप्पे-चप्पे पर रखेंगे नजर, ये है सुरक्षा का फूल प्रूफ प्लान



अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का इंतजार देश-विदेश में फैले करोड़ों रामभक्त कर रहे हैं। ऐसे में नगर की सुरक्षा को लेकर विशेष प्रबंध किए गए हैं। स्पेशल डीजी प्रशांत कुमार ने बताया कि 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को देखते हुए नगर की सुरक्षा के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। पूरे नगर में करीब 10 हजार सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर स्पेशल डीजी (लॉ एंड ऑर्डर) प्रशांत कुमार ने कहा, %अयोध्या में जो कार्यक्रम है वो देश और पूरे विश्व के लिए बहुत महत्वपूर्ण दिन है। उसके लिए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए जा रहे हैं। सीसीटीवी द्वारा भी निगरानी कराई जा रही है। कार्यक्रम के दिन और उसके बाद आने वाले सभी श्रद्धालुओं को किसी तरह की कोई असुविधा ना हो, इसके लिए भी बेहतर व्यवस्था मुहैया कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि अयोध्या में 10,000 से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। स्पेशल डीजी ने बताया है कि नगर की सुरक्षा को देखते हुए ऐसे उपकरणों का प्रयोग किया गया है जो कि अत्याधुनिक हैं और पुलिस के कार्यों में मददगार होंगे। उन्होंने बताया कि सुरक्षा की योजना प्राण प्रतिष्ठा समारोह और उसके बाद आने वाले श्रद्धालुओं को ध्यान में रखकर बनाई गई है।

## संविधान को कुचला गया, सामना में स्पीकर राहुल नार्वेकर पर बरसी उद्धव की शिवसेना



एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान शिवसेना यूबीटी नेता संजय राउत ने कहा कि राहुल नार्वेकर को न्याय करना था, लेकिन उन्होंने शिंदे के वकील की तरह बर्ताव किया। शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) ने गुरुवार को अपने मुखपत्र सामना में लिखे एक लेख में विधानसभा स्पीकर राहुल नार्वेकर पर निशाना साधा। सामना के लेख में लिखा गया कि चोरों के एक गैंग को असली शिवसेना बताया गया। संविधान को कुचला गया। दरअसल स्पीकर राहुल नार्वेकर ने बुधवार को एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना को असली शिवसेना के रूप में मान्यता दी। सामना में भाजपा पर भी निशाना साधा गया है। प्रदेश की जनता माफ नहीं करेगी शिवसेना यूबीटी ने कहा कि प्रदेश की जनता इसके जिम्मेदार लोगों को माफ नहीं करेगी। पार्टी ने भाजपा को भी निशाने पर लिया। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान शिवसेना यूबीटी नेता संजय राउत ने कहा कि राहुल नार्वेकर को न्याय करना था, लेकिन उन्होंने शिंदे के वकील की तरह बर्ताव किया। गौरतलब है कि बुधवार को राहुल नार्वेकर ने विधायकों की अयोग्यता के मामले पर अपना फैसला सुनाते हुए एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना को असली शिवसेना माना। साथ ही स्पीकर ने किसी भी विधायक को अयोग्य घोषित नहीं किया। इसे शिंदे की शिवसेना के लिए बड़ी राजनीतिक सफलता माना जा रहा है। सामना में लिखा गया कि %चोरों के गैंग को मान्यता देकर संविधान को कुचला गया। स्पीकर का आदेश पहले से तय था और इसमें कोई हैरानी की बात नहीं है। स्पीकर के विस्तृत फैसले को दिल्ली में उनके बॉस लोगों द्वारा लिखा गया था। आरोप लगाया गया कि बाल ठाकरे की शिवसेना को गद्दारों को देने का फैसला, महाराष्ट्र से बेईमानी करने जैसा है। नार्वेकर के पास इतिहास बनाने का मौका था, लेकिन उन्होंने जो फैसला दिया, उससे लोकतंत्र का चेहरा काला हुआ। संजय राउत ने निकाला गुस्सा- संजय राउत ने कहा लोगों के मन में गुस्सा है। सुप्रीम कोर्ट ने स्पीकर को न्याय करने की जिम्मेदारी दी थी, लेकिन नार्वेकर ने शिंदे के वकील की तरह बर्ताव किया। राउत ने कहा नार्वेकर द्वारा पार्टी के 2018 के संविधान को अस्वीकार करना गलत है क्योंकि यह पहले सुप्रीम कोर्ट में रखा गया था। नार्वेकर ने भाजपा कार्यकर्ता की तरह काम किया ना कि न्यायाधिकरण की तरह। राउत ने कहा कि उनकी पार्टी सुप्रीम कोर्ट जाएगी।

## राम मंदिर में स्थापित किया जाएगा 500 किलो का नगाड़ा! चंपत राय बोले- देखें- कहां स्थापित कर सकते हैं




अयोध्या में बन रहे 500 किलो के नगाड़े को राम मंदिर में स्थापित करने के लिए भेंट किया गया है। ट्रस्ट के महासचिव ने कहा कि यह एक पुरानी कला है। हम देखेंगे कि इसे मंदिर में कहां स्थापित किया जा सकता है।श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने 500 किलो के नगाड़े को राम मंदिर प्रांगण में स्थापित किए जाने पर कहा कि यह भारत की एक कला है, हमारी कोशिश है कि यह जिंदा रहे और इसे प्रोत्साहन मिले... अब हम देखेंगे कि इसे प्रांगण में कहां स्थापित किया जाए... ।चंपत राय ने नगाड़े बनाने वाले समूह के बारे में कहा कि ये लोग लंबे समय से ये काम कर रहे हैं और रामलला को 500 किलो का नगाड़ा भेंट कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम देखेंगे कि इसे मंदिर में कहां पर स्थापित किया जा सकता है।अयोध्या में 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम होना है। रामलला को अलग-अलग समुदाय और अलग-अलग राज्यों से भेंट आ रही हैं।

## संपादकीय Editorial

# Common heritage of economic logic

The resolutions of the hill states do not remain national in the political Mahabharata of the country, this struggle had to be faced by every Chief Minister along with the advocacy of Himachal. In this context, Chief Minister Sukhwinder Singh Sukhu is visiting Delhi to share the arguments of his rights. For the first time, the state is exploring a new frontier of efforts to become self-reliant with the cover of its rights. In this journey, one side of the Center and its sympathetic stance has always been helpful, but as the lens of the Finance Commissions changed, the disease of poverty increased and the scales of the Center started assessing us politically. Earlier, Himachali youth used to get ahead by wearing army uniform, but now the quota of the states has been fixed to such an extent that the opportunities have reduced. Our silence is asking us, how is the noise in the neighboring neighborhood. That is, after keeping us silent, the Center asked the ground what is the situation of this flood. After immersing us in reservoirs like Pong, Rajasthan asked us what is the speed of water in Jawahar Canal. There is no communication with the mountain air received due to the reorganization of Punjab, but I asked Haryana and Punjab only what is your wish. Now, if the power projects that are tearing apart the land of Himachal are not giving fair royalty or fair financial rights, then should the state's sentiments remain frozen in the face of their prosperity? If the self-respect and reality of the state's electricity policy is demanding authority from the Centre, then why is this argument being considered like carrying a mountain. Therefore, Chief Minister Sukhwinder Singh Sukhu's dialogue with Union Energy Minister RK Singh is not just a request, but a bridge of relations between the Center and the states. Why shouldn't the BBMB projects which are tied to water and electricity rights be transferred to the state after forty years? Shanan Power Project, even after giving its century to Punjab, cannot stop the future century of Himachal, hence with the expiry of the lease, its transfer will also hand over a daily income of about eighty lakhs to Himachal. Similarly, if the power projects run by SJVN and NHPC in the state pay the royalty within the time limit and if the right to water cess is recognized on the lines of Uttarakhand, then Himachal will be able to maintain its economic ideals. To understand Himachal in national perspective, one has to understand the vastness and extent of the mountainous region. On this basis, Himachali projects were financed at the rate of 90:10, but now the Center is taking a reversal. If the Dharamshala-Shimla projects had been run on this basis in the cost of smart city projects, their milestones would have been decided by now.Similarly, if railway projects had also been linked to Himachal on the lines of North-East or Jammu and Kashmir instead of capacity and feasibility, then by now the transportation of cement and apples, apart from religious tourism and consumer goods, would have been done at cheaper rates. In a similar manner, if national politics is making Ayodhya airport international, then the Center should be liberal on the expansion of Kangra Airport, which is connected to the famous temples of Himachal. The purpose of Char Dham Road Project is to respect the faith of the country, while giving priority to the national project to the religious and mythological history of Chintpurni, Jwalaji, Deotsiddh, Kangra, Chamunda and Baijnath, the expansion of Kangra Airport and Una Rail till the temple of Jwalaji Maiya. The direction should be changed. In this context, the logic of Himachal Chief Minister's meeting with Union Aviation .

# Neighbourhood: Maldives' stance has been anti-India on China's instigation

Even though the Maldives government has suspended the ministers who made derogatory remarks against India, it cannot be denied that the current attitude of Maldives has been anti-India, which gets support from China. India will have to be aware of China's growing influence in other neighboring countries as well. The already deteriorating relationship between the two countries has suffered a major blow after the objectionable remarks of three Maldivian ministers on Prime Minister Narendra Modi's visit to Lakshadweep. Boycott Maldives is trending on social media. Maldives' opposition leaders have also strongly criticized those comments. Although the Maldives government has started trying to compensate for the loss and has suspended the commenting ministers Mariam Shiuna, Malsha Sharif and Mahjoom Majeed, it cannot be denied that the stance of the current Maldives government has been anti-India, which China has criticized. Get support from. Beijing currently leases 17 of the 1,200 islands scattered throughout the Maldives and China's three largest projects cost a combined $1.5 billion, more than 40 percent of Maldives' GDP. China's investment in Maldives has crossed $970 million, which is beyond the capacity of a poor country like Maldives to repay. Yet the current Muizzu government is trying to reduce India's influence and increase China's influence. To reduce China's influence in the Maldives, India took the logical step of announcing its largest civil infrastructure project worth $500 million, which will build a 6.7 km long bridge and road, connecting the Maldivian capital Male with three nearby islands. Will add. In this way, India will surpass the Maldives-China Friendship Bridge built at a cost of $200 million in terms of length, scale and cost. But it is natural for India to be concerned considering Muizzu's inclination towards China, which has just decided to return Indian troops deployed in the Indian Ocean islands. This is a step taken primarily with the aim of reversing the 'India First' policy of former Maldives President Ibrahim Mohammed Solih. Apart from this, in another anti-India decision, the Muizzu government has decided against the renewal of the MoU for cooperation with India in the field of hydrography. Not only in Maldives, there are many challenges before Indian foreign policy in the new year. China is rapidly making inroads into the South Asian Association for Regional Cooperation (SAARC) countries, including Afghanistan, Bangladesh, Bhutan, Maldives, Nepal, Pakistan and Sri Lanka, thanks to its dangerous debt-trap policies, expansionism and the expansionism provided through the BRI. Foreign policy experts believe that India is establishing itself as a major economic power in Asia compared to China, although there is a huge difference between the two. But with increasing geopolitical cooperation with America, it can defeat China. America's defense and economic cooperation with India will further strengthen the relationship between the two countries, which can have an impact on the global stage. Pakistan is completely trapped in China's debt trap policy, from which it is impossible for it to get out in the near future. The political scenario may change with the general elections to be held in Pakistan in the coming February, as there are chances of Nawaz Sharif returning to power. Nawaz Sharif has expressed his desire to normalize relations with India. China has emerged as Nepal's largest investor and trading partner, which has transformed the economic and diplomatic relations between the two countries. China has invested $1.34 billion in Nepal and is pressing for the implementation of BRI. Nepal is very relevant to India, but the Oli government had spoiled the age-old relations with India, which the current Prime Minister Prachanda has tried hard to repair. Now India has taken several economic initiatives, including long-term trade agreements, power purchase and transit agreements, etc., which can give a new dimension to bilateral relations. India will have to keep an eye on any progress on the BRI, as there will be security risks due to the 1,770 km open border. China had invested $4.5 billion in Hambantota, which had raised security concerns for New Delhi. But when Sri Lanka was on the verge of economic collapse, China did not live up to its expectations. In such a situation, India got an opportunity to show generosity. Experts believe that Sri Lanka's current friendly attitude with India may continue, as India cooperated wholeheartedly and provided financial assistance of more than four billion dollars, which is more than the International Monetary Fund's three billion dollar relief package. Is. India should take steps to further improve relations with Sri Lanka. Pro-India Sheikh Hasina has again returned to power in Bangladesh. China has always shown keen interest in Bangladesh, which is evident from the investment of $26 billion during 2016-22. Statistics show that China has emerged as the largest investor in Bangladesh and it can now further increase its investment there. Apart from supporting the ethnic rebel groups in Myanmar, China has fully supported the dictatorship there. The US and its allies are engaged in wars in Ukraine and Gaza, allowing dictatorial rulers to crush democratic forces. experts say That India needs to keep an eye on China's 'two ocean strategy' and its game of pursuing BRI and other infrastructure projects. Bhutan has good relations with India, but China's growing influence may pose a security threat. India will have to keep Bhutan away from Chinese temptations. Analysts believe that China's increasing influence in SAARC countries is worrying for India. Therefore, there is a need to adopt concrete strategies to keep it under control, otherwise the consequences will be serious.

# Scenario: Sheikh Hasina's return, challenge to bring political stability amid foreign exchange crisis

Sheikh Hasina, who returned to power by winning more than two-thirds of the seats in the parliamentary elections, is not bothered by the opposition's plans and says that her responsibility is towards the people of Bangladesh and not towards the opposition party BNP. He has also praised India for being a close partner of Bangladesh. On Sunday, January 7, voting was held for the parliamentary elections in Bangladesh, in which Sheikh Hasina-led Awami League has once again emerged victorious. The election results were largely as expected and the ruling party won a two-thirds majority in Parliament. The main opposition Bangladesh Nationalist Party (BNP), which had boycotted the election, plans to continue its protest. However, Hasina is not bothered by the opposition's plans and says that her responsibility is towards the people of Bangladesh and not towards the opposition party BNP which, according to her, is a party of goons. He also praised India for being a close partner of Bangladesh. Bangladesh's election result data shows that only 40 percent voters participated in the voting, while the opposition does not believe in this either. The 61 seats on which independent candidates have won are also said to be proxy candidates of Awami League. Jatiya Party has won only 11 seats. Leaders of the main opposition BNP said their party was planning to intensify its protest movement peacefully from Tuesday. BNP has called this election 'fake'. According to the Election Commission of Bangladesh, voting took place at more than 42,000 polling stations, with more than 1,500 candidates from 27 political parties in the fray. 436 independent candidates were also contesting the elections. More than 100 foreign observers, including three observers from India, were monitoring the elections in Bangladesh. More than 7.5 lakh personnel were deployed to maintain law and order during the voting. Analysts believe that Sheikh Hasina's return to power is beneficial for India, because her stance has always been pro-India, whereas during the BNP rule, Indian separatists have been getting safe haven there and BNP's stance has been anti-India. Is. The political scene of Bangladesh is known for the intense rivalry between Sheikh Hasina and Khaleda Zia. Sheikh Hasina is the daughter of Bangladesh's founder Sheikh Mujibur Rahman, while Khaleda Zia is the widow of Bangladesh's former dictator ruler Zia ur Rahman. In this political scenario, people's attention suddenly turned towards Nobel-winning economist Muhammad Yunus, who has recently been sentenced to six months in jail by a labor court in Bangladesh. Although Yunus has been allowed to appeal against this decision in the higher court, some people believe that this decision of the court is part of political vendetta against Nobel laureate Muhammad Yunus. However, the Awami League government has denied this. Muhammad Yunus is known for his micro-loans through Grameen Bank in Bangladesh. The program is credited with raising a large number of Bangladeshi women who started small businesses. Some people believe that Yunus' program is a miracle for a country previously known for extreme poverty. But his opponents believe that he charges high interest rates to borrowers, seeing it as a straightforward legal matter. On the other hand, the conviction of Yunus and three directors of his venture Grameen Telecom is seen by some as another attempt by the government to suppress opposition voices. They argue that this will further reduce freedom. Irene Khan, the United Nations Special Envoy for Freedom of Expression and former Secretary General of Amnesty International, has called it a mockery of justice. They allege that the judicial system is being weaponized. There are many cases of labor law violations in Bangladesh, but the government does not take any action against businessmen to stop exploitation of workers. She says that the case and charges against Yunus seem trivial and light. Some people also suspect that Muhammad Yunus was behind the cancellation of World Bank funding for the project to build a bridge over the Padma River. Although this allegation could never be proved, he had to face the hostility of the Awami League government. The Padma River Bridge Project is considered one of the main infrastructure projects of the Sheikh Hasina government and has increased the GDP of Bangladesh by about 1.3 percent. Muhammad Yunus's punishment may be debated, but one thing is certain that he is liked by many people in the West. Some fear that his conviction may affect foreign direct investment (FDI) inflows into Bangladesh. FDI is a key element of a successful development strategy, as it enables the capital and technology transfer needed to drive economic transformation. Due to several reasons, FDI inflows to Bangladesh have always been quite low. Apart from red tape and corruption, the government's decision to prevent multinational companies from giving back their profits is one of them. Bangladesh is also badly dependent on western countries for its exports. A major component of Bangladeshi exports worth about $40 billion The bulk goes to America and European Union. If the elections held there are not considered free, fair and participatory, it can affect the economy. This time the western countries kept a close watch on the elections of Bangladesh. Now it remains to be seen how Bangladesh deals with the political impasse after the elections.

# विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल ने की 22 जनवरी को मीट की दुकानें बंद करने की मांग




मुरादाबाद- विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल ने गुरुवार को जिलाधिकारी को पांच सूत्र ज्ञापन सौंपा। इसमें उन्होंने श्री राम जन्म भूमि पर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के उपलक्ष्य में महानगर के सभी मन्दिरों पर रामभक्त पूजा अर्चना करेंगे। मन्दिर व मन्दिरों के आस पास साफ सफाई, सुरक्षा के साथ ही मीट की दुकान बंद करने की मांग। महानगर संयोजक अभिनव भटनागर के नेतृत्व में दिए ज्ञापन में बताया गया कि महानगर में मन्दिरों में व मन्दिरों केआस पास साफ सफाई की व्यवस्था कराई जाय।

महानगर के मन्दिरों में सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की जाए। महानगर में मन्दिरों के आस पास 200 मीटर में जो भी मीट मांस कबाब की दुकानें है पूर्ण रूप से बंद करवाया जाए। महानगर में बिजली की व्यवस्था सुचारु रुप से कराई जाए। इस दिन बिजली के तार बदलने या अन्य कारण बिजली कटौती नही हों। महानगर मे पानी की व्यवस्था सुचारू रूप से कराई जाए।

# रोडवेज बसों में राम भजनों की धुन



क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- प्रभु राम की नगरी अयोध्या में 22 जनवरी को भव्य राम मंदिर में रामलला विराजमान होंगे । उस ऐतिहासिक पल का साक्षी बनने का हर राम भक्त को बेसब्री से इंतजार है । हर राम भक्त हर हाल में अयोध्या में अपने आराध्य राम के दर्शन को पहुंचना चाहता है । ऐसे में राम भक्तो को यात्रा के दौरान किसी प्रकार की असुविधा ना हो और राम भक्त भक्तिमय माहौल में अयोध्या पहुंच सके इसको लेकर उत्तर प्रदेश परिवहन निगम ने विशेष व्यवस्था की है । परिवहन निगम ने रोडवेज बसों के लिए आदेश जारी कर कहा है कि अयोध्या की और जाने वाली यात्रा के दौरान राम धुन राम भजन बजाए जाए । ताकि राम भक्त भक्ति मय माहौल में अपने आराध्य प्रभु राम लला से मिलने पहुंच सके । जिसको लेकर पूरे प्रदेश सहित जनपद मुरादाबाद में परिवहन निगम के द्वारा तैयारियां जोरो पर की जा रही है । मुरादाबाद के परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक सुरेंद्र कुमार का कहना है की मुरादाबाद रोडवेज के बेड़े में 755 बसे है जिसमे से 120 बसे हमने अयोध्या के जाने के लिए पूर्णतया तैयार कर दी है । सभी बसों में साउंड की सुविधा है सभी बसों में रामधुन राम भजन बजते है जो यात्रियों को बेहद पसंद आते है । यात्रियों के द्वारा भी रामधुन बजाने का आग्रह किया जा रहा है। बही यात्रियों का कहना है की राम भजन राम धुन सुनते सुनते यात्रा करने में बहुत सुखद अनुभव आनंद प्रदान करता है । यात्रा कब पूरी हो जाती है पता ही नही चलता ।

# ठंड बेरहम, ट्रेनों की प्रतीक्षा पड़ रही है भारी...दैनिक यात्री परेशान



मुरादाबाद- ठंड के मामले में शिमला से कदमताल कर रहे मुरादाबाद में यात्रियों को ट्रेनों का इंतजार भारी पड़ रहा है। गुरुवार को फिर दिल्ली के लिए यहां की महत्वपूर्ण उत्तरांचल संपर्कक्रांति निरस्त रही। इसकी वजह से दिल्ली से आने वालों को भी दिक्कत होगी। जबकि राजधानी, लोहित और मुरादाबादसे सहारनपुर के बीच चलने वाली स्पेशल ट्रेन के कैंसिल होने से दैनिक यात्री परेशान दिखे। अमृतसर एक्सप्रेस 35 मिनट, चंडीगढ़ मेल डेढ़ घटे, अवध असम डाउन दिशा 2=13 घंटे, जननायक 46 मिनट, हावड़ा से बीकानेर के बीच चलने वाली एक्सप्रेस के इंतजार में एक घंटे से यात्री बैठे हैं।

डिब्रूगढ़ से दिल्ली के बीच चलने वाली राजधानी एक्सप्रेस के यात्री 2=42 मिनट प्रतीक्षा किए। लोहित एक्सप्रेस ने फिर 5=18 घंटे विलंब का रिकार्ड अपने नाम किया। उधर, लगातार गिर रहे पारा से जन जीवन बेहाल है। स्टेशन पर सनसनाती हवा से यात्री ठिठुरने को मजबूर हैं।

# प्रिंसिपल पर एक छात्र के साथ बेहरमी से मारपीट का लगा आरोप

क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- कांठ थाना क्षेत्र में इंटर कॉलेज के प्रिंसिपल पर एक छात्र के साथ बेहरमी से मारपीट का लगा आरोप। प्रिंसिपल की पिटाई से बच्चे की अंगुली में हुआ फ्रेक्चर। बच्चे के दूसरे हाथ में भी आई चोटे। पीड़ित छात्र के पिता ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी से लगाई न्याय की गुहार। कांठ क्षेत्र के पाठंगी स्थित श्रीकृष्णा इंटर कॉलेज में सातवीं क्लास का हैं पीड़ित



छात्र हर्षवर्धन। इंटरवेल के दौरान बच्चों के साथ खेल रहा था पीड़ित छात्र। छोटे बच्चों में आपस में झगडे की हुई थी प्रिंसिपल से शिकायत। प्रिंसिपल रईस अहमद ने बच्चे की डंडे से की पिटाई।

# हमें प्रधानमंत्री की गारंटी स्कीम चाहिए, सरकार के खिलाफ गुस्साए कर्मचारियों ने दिखाई एकता



क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- पुरानी पेशन बहाली सहित अन्य मांगों को लेकर केंद्र सरकार से नाराज केंद्र और राज्यकर्मियों ने गुरुवार को अपनी एकता की ताकत यूनियन के सदस्य रेलवे स्टेशन पर धरना देकर केंद्र सरकार को चेतावनी दे रहे हैं। उरमू के मंडल मंत्री शलभ सिंह ने बताया की शाम चार बजे धरना समाप्त होगा, इसके बाद केंद्रीय नेतृत्व कि हमें प्रधानमंत्री की गारंटी स्कीम चाहिए। वह पेंशन का नाम पुरानी से बदलकर मोदी गारंटी पेशन दे दे, हमें मंजूर है। लेकिन, हम पेशन लेकर ही रहेंगे। राज्यकर्मी संगठन के वरिष्ठ




दिखाई। मंडल रेल प्रबंध कार्यालय परिसर में नरमू और उसके सहयोगी राज्यकर्मचारी संयुक्त परिषद के सदस्य सुबह से ही सरकार विरोधी नारेबाजी कर रहे हैं।

उधर, उत्तरीय रेलवे मजदूर के निर्देश के आधार पर आगे की रणनीति पर कार्य होगा। डीआरएम कार्यालय परिसर में कर्मचारियों की भूख हड़ताल स्थल पर सभा को संबोधित करते हुए नरमू के मंडल मंत्री राजेश चौबे ने कहा नेता श्रीकांत यादव ने कहा कि नई पेंशन स्कीम युवाओं के साथ बड़ा धोखा है। हम सरकार के इस धोखे से नई पीढ़ी को बर्बाद होना नहीं देखना चाहते हैं। हम लड़कर सरकार से अपना हक लेकर ही रहेंगे।

# नया मुरादाबाद में बनेगा आदर्श थाना, परिसर होगा आधुनिक सुविधाओं से लैस, सरकार से मिल चुकी है मंजूरी

मुरादाबाद- मुरादाबाद विकास प्राधिकरण ( एमडीए ) नया मुरादाबाद इलाका बसाने की तैयारी में है। इसके लिए 11 गांवों को इसमें शामिल किया गया। एसएसपी हेमराज मीना ने बताया कि इस इलाके में आर्दश थाना तैयार किया जाएगा। इसके लिए शासन से अनुमति मिल गई है। मुरादाबाद में विकसित किए जा रहे नया मुरादाबाद में आदर्श थाना बनेगा। इसके लिए जमीन की तलाश कर ली गई है। नए थाने से कौन कौन सी पुलिस चौकियां, मोहल्ले, कॉलोनियां और गांव जोड़े जाएंगे। इसके लिए सर्वे किया जाएगा। अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस इस नए थाने में कार्यालय, प्रभारी कक्ष, साइबर हेल्प कक्ष, बैरक, हवालात के अलावा पुलिस कर्मियों के खेलने कूदने के लिए मैदान भी रहेगा। पुलिस और एमडीए अफसरों के बीच इस पर मंथन हो चुका है। मुरादाबाद विकास प्राधिकरण ( एमडीए ) ने करीब बीस साल पहले नया मुरादाबाद योजना लांच की गई थी लेकिन डीएमए का खुद का दफ्तर कांठ रोड पर होने के कारण नया मुरादाबाद पर शुरुआत में कोई खास ध्यान नहीं दिया गया। जिस कारण लोग यहां बसने से बचते रहे। लेकिन अब एमडीए ने अपना दफ्तर भी कांठ रोड से नया मुरादाबाद में ही शिफ्ट कर लिया। इसके अलावा नया मुरादाबाद में सुविधाएं बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया गया। यहां हर्बल पार्क, होटल, अच्छी सड़क, बिजली और अस्पताल बन चुके हैं। जिसे देखते हुए नया मुरादाबाद में लोग बसने लगे। एमडीए 11 गांवों को अपने क्षेत्र में शामिल कर रहा है। इस क्षेत्र में आबादी बढ़ी तो सुरक्षा की मांग तेजी से बढ़ रही है। जिसे देखते हुए पुलिस अफसरों ने नया मुरादाबाद में थाना बनाने का निर्णय लिया और शासन को प्रस्ताव भेज दिया। शासन से नया मुरादाबाद के लिए मंजूरी मिल चुकी है। इसके बाद एमडीए अफसरों से बात कर जमीन की तलाश भी पूरी कर ली गई है। शासन से बजट मिलने के बाद भवन निर्माण का काम भी शुरू कर दिया जाएगा। इसके अलावा मंडल के सभी जनपदों में साइबर थाने स्थापित होने के बाद मुरादाबाद में रेंज के साइबर थाने को अब जनपद में शामिल कर लिया गया है। इस थाने की मॉनीटरिंग भी एसएसपी कर रहे हैं। साइबर अपराध थाने को भी दिल्ली रोड पर ही बनाने का प्रस्ताव है। जिसके लिए थाने की तलाश शुरू कर दी गई है।

## जयंतीपुर और अगवानपुर बनेंगे थाने

मझोला क्षेत्र की जयंतीपुर पुलिस चौकी और सिविल लाइंस थाने की अगवानपुर पुलिस चौकी को भी थाना बनाया जाएगा। इन दोनों थानों के लिए भी जमीन की तलाश शुरू हो चुकी है। जयंतीपुर और अगवानपुर मिश्रित आबादी और पशु तस्करी व मांस तस्करी की वजह से संवेदनशील हैं। आये दिन यहां दो समुदायों के बीच विवाद होते रहे हैं। थाने दूर होने के कारण पुलिस को पहुंचने में देरी हो जाती है। इसके अलावा इन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को भी थाने तक पहुंचने में लंबी दूरी तय करनी पड़ी है। नए थाने बनने से अपराध पर अंकुश तो लगेगा ही साथ ही लोगों को भी सुविधा मिलेगी। जनपद में ठाकुरद्वारा और बिलारी सर्किल से दो नए सर्किल बनाने का प्रस्ताव भी तैयार किया गया है। इन दोनों ही सर्किल में चार-चार थाने आते हैं। इस कारण सीओ ठीक से मॉनिटरिंग नहीं कर पाते हैं। ठाकुरद्वारा सर्किल से भोजपुर और भगतपुर को निकालकर अलग सर्किल बनाया जाएगा जबकि बिलारी सर्किल से सोनकपुर और मैनाठेर थाने का सर्किल बनाया जाएगा। नया मुरादाबाद में नया थाना बनाया जाएगा। इसके अलावा मझोला थाने की जयंतीपुर पुलिस चौकी और सिविल लाइंस की अगवानपुर पुलिस चौकी को भी थाना बनाया जाएगा। ठाकुरद्वारा और बिलारी सर्किल से दो नए सर्किल तैयार किए जा रहे हैं। इन पर तेजी से काम चल रहा है। नए सर्किल और थाने बनने से अपराध पर अंकुश लगेगा और फरियादियों को थाने और सीओ ऑफिस जाने के लिए लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी। दिल्ली रोड पर ही साइबर थाने को शिफ्ट किया जाएगा।- हेमराज मीना, एसएसपी मुरादाबाद

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# उम्र निर्धारण केस: अब्दुल्ला आजम मामले में केजीएमसी लखनऊ और नगर निगम से रिकॉर्ड तलब, 18 जनवरी को होगी सुनवाई

मुरादाबाद- पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम के उम्र निर्धारण मामले में मुरादाबाद कोर्ट में सुनवाई हुई। अदालत ने केजीएमसी लखनऊ और नगर निगम के अधिकारियों को संबंधित रिकॉर्ड के साथ तलब किया है। इससे पहले रामपुर के सेंट पॉल स्कूल के प्रिंसिपल के बयान दर्ज हो चुके हैं। पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम के उम्र निर्धारण मामले में जिला जज की अदालत में सुनवाई हुई। अदालत ने 18 जनवरी को केजीएमसी लखनऊ और नगर निगम के अधिकारियों को अब्दुल्ला के जन्म संबंधित रिकॉर्ड के साथ तलब किया है। छजलैट के 16 साल पुराने मामले में अदालत ने पूर्व सांसद आजम खां और उनके बेटे पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम को दो-दो साल की सजा सुनाई थी। इस मामले में अब्दुल्ला आजम ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। इसमें उन्होंने बताया था कि जिस वक्त केस दर्ज किया गया तब वह नाबालिग थे। उनके मामले में किशोर न्यायालय में सुनवाई होनी चाहिए थी। सुप्रीम कोर्ट ने जिला जज को इस मामले में सुनवाई करने के निर्देश दिए थे। अब्दुल्ला आजम के उम्र निर्धारण का मामला जनपद न्यायाधीश डॉ. अजय कुमार की अदालत में विचाराधीन है। अब्दुल्ला आजम की मां डॉ. तजीन फात्मा ने कोर्ट में अपने बयानों में बताया था कि अब्दुल्ला आजम का जन्म 30 सितंबर 1990 को लखनऊ स्थित केजीएमसी के अंतर्गत आने वाले क्विस मेरी अस्पताल में हुआ था। रामपुर के सेंट पॉल स्कूल में शुरुआती पढ़ाई की थी। सेंट पॉल स्कूल के प्रिंसिपल के बयान दर्ज हो चुके हैं। जिला शासकीय अधिवक्ता नितिन गुप्ता एवं सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता संजीव अग्रवाल और मोहन लाल विश्नोई ने बताया कि बृहस्पतिवार को अब्दुल्ला आजम के उम्र निर्धारण मामले में सुनवाई हुई। रिकॉर्ड लखनऊ के जीएमसी के चिकित्सा अधिकारी से तलब किया है।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

## एटा ऑपरेशन जागृति मैं पुलिस महकमा के चिंतन मंथन पर 90 फ़ीसदी अपराध नियंत्रण

क्यूँ न लिखूँ सच-निशाकांत शर्मा

एटा- समाज के एक बड़े हिस्से पर दुष्प्रभाव पुलिस व न्यायपालिका पर बढ़ते दबाव का कारण घरेलू हिंसा और इसकी व्यापक निरंतरता में बनती जा रही आम आदमी की तथाकथित अपराधिक जीवन शैली से चिंतित जनपद के तत्कालीन पुलिस अधिकारियों ने प्रोजेक्ट दीदी नाम के कार्यक्रम का आयोजन किया द्य तब दहेज उत्पीड़न अन्य संबंधित कानून काफी प्रभावी होने के वजह से कार्यक्रम प्रोजेक्ट दीदी सफलता जनपद से निकलकर अन्य जनपद ही नहीं कई राज्यों मैं सफलता का केंद्र बनी जिसमें बड़े ही व्यावहारिक तरीके से पति पत्नी आदि परिजनों को एक टेबल पर बिठाकर उनकी क्रूर भावनाओं को शांत करते हुए पुन: दांपत्य जीवन जीने के लिए प्रेरित करना था जो आज सुलह समझौता के नाम से संचालित है इसी तरह के एक और और अत्यंत विशेष महत्वपूर्ण कार्यक्रम ऑपरेशन जागृति जिसे समकालीन पुलिस महानिरीक्षक आगरा के उद्घोष में महिलाओं और बालिकाओं को स्वालंबन उनके प्रति होने बढ़ते जा रहे अपराध मैं कमी लाने के साथ महिला संबंधी कानून का दुरुपयोग रोकने के संकल्प सेद्य आंशिक मात्र समय में जनपद एटा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने अपने अपर पुलिस अधीक्षक से व्यापक चिंतन मंथन कर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन करते हुए अधीनस्थ पुलिस कर्मियों को शुद्धरणताएवंपारदर्शी लक्ष्यो से प्रशिक्षित कर दोनों सीनियर पुलिस अधिकारियों ने आक्रोशित मानसिकताओं प्रतिशोध विषमताओं को दूर करने व उनका प्रणालिगत हल निकालने के लिए मूलभूत सुधारो पर ध्यान केंद्रित कर जटिलता के साथ अविराम अत्यंत परिश्रमी चक्र क्रम से शहर कस्बा गली मोहल्ला गांव गांव मैं विभिन्न गोष्टी आयोजनों के माध्यम से जनपद के हर अंतिम महिला और पुरुषों को उत्तम मूल्यों का आत्मसात कराते हुए ऑपरेशन जागृति में आगरा जॉन के कुल सभी जिलों में जनपद एटा और एटा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह अपर पुलिस अधीक्षक धनंजय सिंह कुशवाहा के कुशल प्रबंधन में तकरीबन 90त्न अपराध पर नियंत्रण के साथ जन सामान्य में लोकप्रिय विश्वसनीयता हासिल कर ऐतिहासिक सफलता का उदाहरण पेश किया है द्य

## सर्राफ अजय अग्रवाल कवि गोष्ठी आयोजन समिति के संरक्षक मनोनीत

क्यूँ न लिखूँ सच
पी0के0 दीवान



रिठौरा।कवि गोष्ठी आयोजन समिति के तत्वावधान में नव वर्ष के उपलक्ष्य में स्थानीय साहूकारा में सम्मान समारोह एवं सरस काव्य संध्या का आयोजन किया गया? जिसकी अध्यक्षता रणधीर प्रसाद गौड़ धीर ने की।मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार डॉ महेश मधुकर एवं विशिष्ट अतिथि रामकृष्ण शर्मा रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ शारदे के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस अवसर पर संस्था के सचिव उपमेंद्र सक्सेना एडवोकेट ने वरिष्ठ समाजसेवी सर्राफ अजय अग्रवाल के समिति का संरक्षक मनोनीत किए जाने पर माल्यार्पण कर स्वागत किया और उन्हें बधाई दी। काव्य संध्या में कवियों ने अपनी एक से बढ़कर एक रचनाएँ प्रस्तुत कर श्रोताओं को मन मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में संस्था के सचिव उपमेंद्र सक्सेना एडवोकेट ,दीपक मुखर्जी, राम कुमार कोली,हरिकांत मिश्र चातक , पवन अंचल, डॉ राजेश शर्मा ककरेली, मेधाव्रत शास्त्री,प्रकाश निर्मल, कृष्ण अवतार गौतम,रामकुमार अफरोज, राम प्रकाश सिंह ओज, व्यास नंदन शर्मा,किशन बेधड़क, राम शंकर शर्मा प्रेमी, अश्वनी कुमार तन्हा, रामधनी निर्मल,रजत कुमार, प्रताप मौर्य मृदुल,रितेश साहनी, राजकुमार अग्रवाल एवं रमेश रंजन आदि ने काव्य पाठ किया। संचालन मनोज दीक्षित टिंकू ने किया।

## 06 शातिर अन्तर्जनपदीय चोर, मोबाइल टावर से चोरी की गयी दो ओ0एल0टी0 कीमत करीब 10 लाख रुपये सहित गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच-निशाकांत शर्मा

